17.12.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

# प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री इथियोपिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो दिन की इथियोपिया यात्रा पर इथियोपिया की संसद को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने कल अदीस अबाबा में इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के साथ वार्ता की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय और पारस्परिक हित के मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान आठ समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गये।

विधानसभा विशेष सत्र

प्रदेश विधानसभा का विशेष एक दिवसीय सत्र आज आहूत किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विधानसभा परिसर में प्रदेश विधानसभा के 1956 से 2025 तक इतिहास के पल" और "मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश विकास और सेवा के दो वर्ष" विषय पर लगी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस चित्र प्रदर्शनी में प्रदेश की विकास यात्रा, दो वर्षों की उपलब्धियों और विकसित भारतः 2047 को दर्शाया गया है।

इस सत्र में शहरी और ग्रामीण विकास, उच्च एवं स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, आयुष,चिकित्सा शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पेयजल, सुरक्षा, औद्योगिकी नीति निवेश प्रोत्साहन, रोजगार सहित कई विषयों पर सदस्यों द्वारा चर्चा की जा रही है।

जी राम जी विधेयक

विकसित भारत—रोजगार और आजीविका मिशन—ग्रामीण विधेयक वीबी—जी—राम—जी को कल लोकसभा में पेश किया गया। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इसमें ग्रामीण परिवारों के लिए प्रतिवर्ष 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है।

श्री चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी ग्रामीण समुदायों को आत्मनिर्भर और विकसित बनाए जाने के पक्षधर थे और इसी भावना के अनुरूप, मौजूदा विधेयक में गरीब कल्याण और ग्राम विकास के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। श्री चौहान ने कहा इस विधेयक का उद्देश्य रोजगार सृजन ही नहीं बल्कि व्यापक ग्राम विकास भी है।

अंतर्राष्ट्रीय वन मेला

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव आज शाम राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का शुभारंभ करेंगे। 23 दिसम्बर तक चलने वाले इस अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का आयोजन वन विभाग एवं मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित के संयुक्त तत्वावधान में 'समृद्ध वन खुशहाल जन' थीम पर किया जा रहा है।

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान

प्रदेश में पशुपालकों, किसानों की आय बढ़ाने व दुग्ध उत्पादन वृद्धि के लिए आज से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी—कर्मचारी, पशुपालकों को पशुओं में नस्ल सुधार, पशु पोषण तथा पशु स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी देंगे। अभियान में मंत्रीगण, विधायक व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता रहेगी।

मौसम

प्रदेश में शीतलहर और घना कोहरा से जनजीवन प्रभावित हुआ हैं। प्रदेश के कई जिलों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में ठंड और बढ़ने की चेतावनी जारी की है। आज भोपाल, रायसेन, राजगढ़, शाजापुर और सीहोर जिलों में शीतलहर का अलर्ट है।

## संक्षिप्त समाचार

1 –शिवपुरी में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कल डाइट परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

2–नर्मदापुरम जिले में धान उपार्जन के तहत स्थापित 70 उपार्जन केन्द्रों में अब तक 5 हजार 772 किसानों से 66 हजार 567 मीट्रिक टन खरीदी हो चुकी है।

और

3–आगरमालवा के सुसनेर में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बड़ा जीन एवं स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय परिसर में किया जा रहा है।

-----------------------------------------